CPCB

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
(पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय)
परिवेश भवन, पूर्वी अर्जुन नगर,
दिल्ली-110032

सं. सी-20017/02/डीपीसी/प्रशा.(भर्ती)/2024/ 25.06.2024

कार्यालय ज्ञापन

विषय: ग्रुप 'सी' विविध कार्य कर्मचारी (एम.टी.एस.) एवं वरिष्ठ परिचर (दसवीं कक्षा पास या समतुल्य योग्यता) का अवर श्रेणी लिपिक के रूप में पदोन्नति के लिए ''टंकण परीक्षा'' के संबंध में ।

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ग्रुप 'सी' मल्टी टास्किंग स्टाफ ग्रेड -। एवं मल्टी टास्किंग स्टाफ (बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण या समतुल्य) का अवर श्रेणी लिपिक (एक पद) के रूप में पदोन्नति के लिए विभागीय अर्हक परीक्षा/ ''टंकण परीक्षा'' का आयोजन शीघ्र करने वाला है ।

2) अनुरोध है कि मल्टी टास्किंग स्टाफ ग्रेड -। एवं मल्टी टास्किंग स्टाफ जो भी इस ''टंकण परीक्षा'' में भाग लेना चाहता है अपना नामांकन अधोहस्ताक्षरी को 03 जुलाई 2024 तक भेज दे ।

3) यह ''टंकण परीक्षा'' केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रधान कार्यालय में कराई जाएगी। परीक्षा उत्तीर्ण करने के साथ-साथ निम्नलिखित योग्यता होना भी आवश्यक है :-

i) बारहवीं कक्षा पास या समतुल्य तथा कम से कम केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड 3 वर्ष की कार्य-अवधि हो ।

ii) 35 श.प्र.मिनट टंकण गति अंग्रेजी भाषा में या 30 श.प्र.मिनट टंकण गति हिन्दी भाषा में।

4) यह आदेश सक्षम प्राधिकारी, केन्द्रीय बोर्ड के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

(मधु लूथरा)
प्रभाग प्रभारी एवं प्रशासनिक अधिकारी (भर्ती)

वितरण:-

1) सभी मल्टी टास्किंग स्टाफ ग्रेड -। एवं मल्टी टास्किंग स्टाफ
2) प्रशा. अधिकारी (राजभाषा)
3) प्रभारी, आई.टी प्रभाग - कृपया इस का. ज्ञा. को केन्द्रीय बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड करवा दें।
4) सदस्य सचिव के निजी सचिव
5) सभी क्षेत्रीय निदेशालय कृपया क्षे. निदे. में नियुक्त कर्मचारी को इस संबंध में सूचति करें ।
6) कार्यालय आदेश फाइल
7) प्रशासनिक अधिकारी (कार्मिक)

File No. CO-12015/5/2022-ADMIN-R-HO-CPCB-HO (Computer No. 7451)
Generated from eOffice by ANUBHUTI CHAWLA, LDC(AC)-ADMIN-R-HO, LOWER DIVISION CLERK (ADMIN-R), CPCB-HO on 25/06/2024 05:31 PM